मेट्रो 3 की पटरियों का काम 58 फीसदी पूरा

आरे कारशेड का भी काम 54 फीसदी हो चुका है कम्प्लीट

मुंबई। 'कुलाबा-बांद्रा-सीप्ज मेट्रो 3' रूट के काम ने रफ्तार पकड़ ली है और फिलहाल ट्रैक बिछाने का काम तेजी से चल रहा है। अभी तक ट्रैक का 58 फीसदी काम पूरा हो चुका है और बाकी का काम जारी है। एमएमआरसी ने दिसंबर में आरे-बीकेसी के बीच 33.5 किमी मेट्रो लाइन 'मेट्रो 3' के पहले चरण को चालू करने का लक्ष्य रखा है, लिहाजा एमएमआरसी ने काम में तेजी ला दी है। बताया जा रहा है कि कुल परियोजना का 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। पूरे फेज में टनल का काम पूरा

होने के बाद अब ट्रैक बिछाने का काम शुरू किया गया था। एमएमआरसी के अधिकारियों ने बताया कि अब तक 58 फीसदी काम पूरा हो चुका है। आरे मेट्रो स्टेशन से वर्ली, चर्चगेट से कफ परेड के बीच ट्रैक बिछाने का काम पूरा हो गया है, जबकि वर्ली से चर्चगेट के बीच ट्रैक बिछाने का काम बाकी है। यहां ट्रैक बिछाने का काम जल्द शुरू किया जाएगा। एक तरफ जहां ट्रैक का काम तेजी से चल रहा है।